कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।
E-mail – dfo-simdega@gov.in Ph. No. 06525-225979

पत्रांक– 2036 दिनांक– 18/7/2022

सेवा में,

कार्यपालक अभियन्ता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, सिमडेगा।

**विषय :– ठेठईटांगर–बोलबा–केरसई–किनकेल पथ (लम्बाई 57.9 कि0मी0) तक पथ का Forest Proposal समर्पित करने के संबंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक–247, दिनांक–16.07.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयगत वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव की हार्ड कॉपी 08–08 प्रतियाँ A एवं B के रूप में कुल–16 प्रतियाँ आपके द्वारा समर्पित की गई है, परन्तु Parivesh Portal पर Online अप्राप्त है।

उक्त प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन के क्रम में निम्नलिखित कमियाँ पायी गई है :–

1. प्रस्ताव में संलग्न भूमि विवरणी में अधिसूचित/सुरक्षित वनभूमि एवं जंगल–झाड़ी भूमि को अलग–अलग अंकित नहीं किया गया है तथा अधिसूचित/सुरक्षित वनभूमि को जंगल–झाड़ी भूमि के रूप में अंकित किया गया है।
2. उपायुक्त द्वारा निर्गत जंगल–झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
3. FRA 2006 संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।
4. ग्राम सभा की बैठक की कार्यवाही की प्रति संलग्न नहीं है।
5. NPV एवं क्षतिपूरक वनरोपण योजना हेतु अतिरिक्त राशि की मांग किये जाने पर समर्पित कर दिया जायेगा, के आशय का वचनबद्धता प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है।
6. क्षतिपूरक वनरोपण योजना हेतु अपयोजित होने वाले वनभूमि के समतुल्य चयनित गैर वनभूमि की नक्शा, (Geo-reference एवं KML file सहित) संलग्न नहीं है।
7. वन्यप्राणी संरक्षण योजना का प्रस्ताव संलग्न नहीं है।

अतः अनुरोध है कि Parivesh Portal पर उक्त प्रस्ताव को Online समर्पित करते हुए हार्ड कॉपी में त्रुटियों/कमियों का निराकरण कर तत्संबंधी अभिलेख प्रस्ताव में संलग्न कर पुनः समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय। इस पत्र के साथ प्रस्ताव की मूल 08–08 कुल–16 प्रतियाँ संलग्न कर वापस की जा रही है।

अनु०–यथोक्त।

आपका विश्वासी

18.7.2022

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।

18/7/2022

O/c